Spiritual Applications Research Centre (SpARC Wing)

(Established by Rajyoga Education & Research Foundation)

13, International Centre for Higher Learning, Post Box – 66,
Academy for a Better World, Gyan Sarovar, Mount Abu - 307501, INDIA.
Mobile: 09772844861, 07014315625
Tel: 02974 - 238788 Extn. 7607 Fax: 02974 - 238951
E-mail: bksparc@gmail.com, sparcwing@bkivv.org

मधुबन, दिनांक : 01/05/2025

ओम् शान्ति

प्राण-प्यारे बापदादा के अति लाडले, सदा परमात्म प्यार में समाये रह अपनी श्रेष्ठ वृत्ति द्वारा श्रेष्ठ वायुमण्डल बनाने की बेहद सेवा में निमित्त बनने वाली सभी ज़ोन/सब-ज़ोन/सेवाकेन्द्र/उप-सेवाकेन्द्र की निमित्त टीचर्स,

बेहद घर मधुबन से हार्दिक ईश्वरीय स्नेह सम्पन्न याद-प्यार स्वीकार करना जी।

आपको यह बताते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी **28 अगस्त से 01 सितम्बर 2025** तक **"Spirituality For Human Existence - Innovating Newer Avenure" "19th SIR" (Spirituality In Researchers) राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स एवं मेडिटेशन रिट्रीट (Conference and Meditation Retreat)** का आयोजन किया जा रहा है।

यह कॉन्फ्रेन्स एवं मेडिटेशन रिट्रीट उनके लिए है जो रिसर्च क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, किसी भी विषय में **पीएच.डी. (Ph.D.) हैं।** इस कॉन्फ्रेन्स में प्राकृतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, कृषि विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, भाषा विज्ञान, प्रबन्धन विज्ञान, समाज-शास्त्र, कला, वाणिज्य इत्यादि क्षेत्रों में क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विद्वानों, विशेष शैक्षणिक योग्यता रखने वाले विशिष्ट महानुभावों को निमन्त्रित किया जा सकता है। **इन महानुभावों को आमन्त्रित करने के लिए निमंत्रण पत्र अंग्रेज़ी भाषा में इस पत्र के साथ संलग्न किया गया है।** यह कॉन्फ्रेन्स **ज्ञान सरोवर, माउण्ट आबू** में आयोजित की जा रही है। ज्ञान सरोवर के परिसर में आवास-निवास की सुविधानुसार **सिर्फ 400 मेहमानों को ही कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने हेतु स्वीकृति दे सकेंगे।**

निमित्त टीचर्स, मेहमानों को कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने हेतु निमंत्रण भेजते समय निम्न बातों पर अवश्य ध्यान दें :-

- मेहमानों (Delegates) का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन **15 जुलाई 2025 से पहले** करना अनिवार्य है।
- आपसे निवेदन है कि ज्ञान सरोवर में केवल आप उन्हीं मेहमानों को लेकर आयें जिन्हें कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने का स्वीकृति-पत्र मिला हो।
- किसी भी मेहमान का कार्यक्रम रद्द हो तो उसकी सूचना तुरन्त दें ताकि उनके स्थान पर किसी अन्य मेहमान को लाभ दिया जा सके।

सूचना :-

- मेहमानों को कॉन्फ्रेन्स में आमंत्रित करने के लिए इस पत्र के साथ संलग्न फोल्डर एवं अंग्रेज़ी में छपे निमंत्रण-पत्र का उपयोग करें।
- कृपया ध्यान दें कि कॉन्फ्रेन्स के अधिकांश सत्र अंग्रेज़ी में ही होंगे।

कॉन्फ्रेन्स से सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचना :-

- कॉन्फ्रेन्स का स्थान: ज्ञान सरोवर, माउण्ट आबू।
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि - 15 जुलाई 2025
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए **www.bksparc.in**
- कॉन्फ्रेन्स में आने की तिथि और समय -28 अगस्त 2025 सुबह 10.00 बजे से पहले।
- कॉन्फ्रेन्स का शुभारम्भ -28 अगस्त 2025 सायं 05.30 बजे।
- वापिस जाने की तिथि व समय-01सितम्बर 2025, प्रात: 10.00 बजे के बाद।

विश्व नवनिर्माण सेवा में,

B.K. Ambika

(बी.के. अम्बिका)
अध्यक्षा, स्पार्क विंग

B.K. Shrikant

(बी.के. श्रीकान्त)
राष्ट्रीय संयोजक, स्पार्क विंग

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

Spiritual Applications Research Centre (SpARC Wing), Post Box-66, Gyan Sarovar, Mount Abu-307501, Rajasthan.
Phone: 02974-238788 Extn. 7607, 7014315625, 9772844861, **Fax:** 02974-238951 **Email:** sparcwing@bkivv.org